Satya ka
# Avahan
सत्य का
# आवाहन
Invoking the Divine
Year 10 Issue 4 July–August 2021
Membership Postage: Rs. 100



Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

**Hari Om**

Satyaka Avahan is a bilingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda, Swami Niranjanananda and Swami Satyasangananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

**Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

**Assistant Editor**: Swami Shivadhyanam Saraswati

**Published** by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.

**Printed** at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2021

**Membership** is held on a yearly basis. Late subscriptions include issues from January to December. Please send your requests for application and all correspondence to:

**Sannyasa Peeth**
Paduka Darshan
PO Ganga Darshan
Fort, Munger, 811201
Bihar, India

✉ A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request.

---

*Front cover and plates:* Guru Poornima 2021



## SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी

The relationship between guru and disciple must become more and more intense day by day. You can develop the relationship to an extent where you and he are experienced as one – 'I am in my guru and he is in me'. Whenever you close your eyes he is there. It is not necessary that you are with him all the time, but it is necessary that he lives with you much closer than your own breath.

*—Swami Satyananda Saraswati*

गुरु और शिष्य का सम्बन्ध दिन-प्रतिदिन गहन और सुदृढ़ होते जाना चाहिए। तुम इस सम्बन्ध को इस हद तक विकसित कर सकते हो कि दोनों में पूर्ण एकत्व का अनुभव हो – मैं अपने गुरु में हूँ और वे मुझमें हैं। जब भी आँखें बंद करो तो वे सामने आ जाएँ। यह कोई जरूरी नहीं कि तुम सारा समय उनके साथ रहो, लेकिन यह आवश्यक है कि वे तुम्हारी साँसों से भी करीब हों।

*—स्वामी सत्यानन्द सरस्वती*

**Published** and printed by Swami Kaivalyananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.
**Printed** at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
**Owned** by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

Satya ka Avahan

सत्य का आवाहन

Invoking the Divine

Year 10 Issue 4 · July–August 2021

न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्त्तिनाशनम्॥

*"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."*

—Rantideva

# Contents

2 Guru Poornima 2021
8 गुरु की शरण
10 To Reflect the Light of the Self
13 गुरु – एक अपरिहार्य आवश्यकता
18 To Experience Spiritual Life
20 गुरु भक्ति योग की सार्थकता
25 Return to the Star Stuff
31 Young Sannyasins
34 A True Sannyasin
36 अहंकार का अवरोध
38 The Second Birth
40 Guru is the Boat
41 Inspiration
43 गुरु पूर्णिमा सन्देश 2021



# Guru Poornima 2021

*Swami Niranjanananda Saraswati*



Welcome to the Guru Poornima celebrations at Ganga Darshan Vishwa Yogapeeth, Munger.

For the past two years, humanity has been facing a global crisis and pandemic. We have all faced the difficulties and problems associated with it. In these two years, it seems that the pause button has been pushed in our lives, and this pause button has led to pessimism about the future. Optimism has been replaced by pessimism. So, a question comes to mind, "What can one do?" Today you will get the answer.

Today is Guru Poornima, and today is also 24th July 2021. July is the seventh month, and in the time of pandemic and crisis, Guru Poornima has come to announce that the doors of Guru are always open 24/7. This is the reminder of today that the doors of Guru are always open 24/7, twenty-four hours, seven days. When we come to Guru, we come with the hope

that we shall be able to overcome our limitations and difficulties and accomplish something in life. Everybody has that thought in mind. When you come to Guru, you remember that you will be receiving something very specific.

The door of Guru is open 24/7. In society what remains open 24/7? Have you thought about it? Do all shops remain open 24/7? No. Do the malls, luxury shops remain open 24/7? No. Only emergency services remain open 24/7. What are those emergency services? Medical shops and chemists will remain open, food shops will remain open in time of crisis, so that there is no shortage of food and medicine.

In the same manner, in the time of crisis, Guru provides you with food and medicine. Medicine to heal the body, the mind and the emotional upheavals, disturbances and distractions; and food to nourish the soul, the heart, the mind and the body. This year, what can we receive when we come knocking on Guru's door? When we come to Guru's door, we are made aware of certain things in life. One is the social responsibility that each one of us has with our fellow beings. One is the physical awareness and health responsibility that we should look after our own wellbeing. One is the understanding of how to attain mental and emotional balance, for mind and emotions create a lot of distress in life. One is how to cultivate belief and faith, and how to walk the path of purushartha and dharma.

**The Master's teaching**

These are the teachings of the Master. In today's context, what is relevant for us? The Guru tells you that today, during this time of crisis and difficulty, you should become aware of the social obligations and responsibilities, which are for the benefit and good of all.

In this time of the pandemic maintain the physical distancing. It is very necessary. Maintain hygiene around you, in your house, in your environment, in your surroundings. That is also a responsibility of every individual. Wear the

mask and vaccinate yourself, as that is ultimately going to help you survive this pandemic. This is not only to safeguard ourselves, but also to safeguard our families, our societies, our communities, our nation and the world, which is our home. These are the social responsibilities that one should become aware of today.

Secondly one should work to develop and promote one's own health. This is one area where people fail. They don't look after the promotion of health, or prevention of illness and disease, but they push themselves to the limit, become sick and then knock on the doors of the doctor and hospital for a cure. Sickness and disease become a condition in which you are fully and totally debilitated and can't function properly? Why can't you make the effort to prevent what will happen to you in future and promote your physical and psychological wellbeing? When you come to Guru's gates, the instructions that Guru gives you is to become aware and be responsible for your health, the prevention and promotion of health for all, not only yourself, but also in the family. The guidelines are very clear: the practice of yoga asanas, the practice of pranayamas, the practice of relaxation techniques, and the practice of concentration techniques, as well as mantra and music.



These are the items that can help you recover your lost health, the physical vitality, strength and stamina, and health will be achieved. You will be able to de-stress and relax yourself, your mind will be at peace and clear. You can change the behaviour and the nature of your mind through mantra and music and make it more positive and optimistic, so that you have something to look forward to in life and avoid the states of pessimism.

Then for maintaining the mental and emotional balance, the Guru advises two things: one is *manahprasad*, which means try to remain positive and happy 24/7. The other is *sahayoga*, try to cooperate with everyone. Involve yourself in *seva*, service, not with expectation but selfless motivation. Selfless service, selfless connection, positivity and happiness, this is important for mind and emotion. It is also important for you to become positive in life and to spread happiness and positivity, concern, care and support all around you.

It is also important to have faith and belief, as they are the foundation of every inspiration in life. Inspiration is always there 24/7, but faith and belief is not there, as people associate faith and belief with something abstract and religious in life. These are not abstract philosophies, they are the basis of optimism in life, they are the basis of happiness in life, they are the basis of attainment in life. So, believe that you will overcome the difficulties and achieve what your goal is, and have faith that you are being guided. These are the only two things required. So make the effort to cultivate this faith and belief, for that will bring optimism, positivity and hope for tomorrow.

This will also make you aware that we are all interconnected. We don't live individual lives, but each individual is connected to the other, that is the *vibhu* concept, the interconnectedness. You are connected. After all who are you? Are you the body, are you the mind, are you the senses, are you the emotions, are you the spirit? All these different aspects in you are interconnected and they make up You. Similarly, different people in our

families are connected to us and they constitute the family, and we can feel that connection. When this connection spreads then that is the interconnected awareness that we all have with each other. You can only realize this when you are positive, when you are happy and when you are optimistic.

The last part that Guru teaches you is to do purushartha and follow your dharma. What is *purushartha*? To be active. What is *dharma*? To know the right from the wrong. To be active and to know the right from the wrong, you have to make the effort and Guru inspires you to do that. Guru does not do things for you and God does not do things for you. They inspire you to accomplish and achieve through your own effort.

During the Mahabharata war Krishna only inspired and guided Arjuna, saying, "You fight!" Although Krishna was capable of winning the war in one second, he said to Arjuna, "No, you fight the war. I will be your charioteer and nothing more than that. I will not pick up any arms to fight on your behalf. I will only drive your chariot, but you have to do the fighting and you have to win." So even God inspired the true bhakta to be proactive and not become dependent on the grace of God. That is purushartha, and that is dharma too.

**Eternal message**

In Paramahamsaji's life, we see this quality. One newspaper reporter asked Paramahamsaji, "You are a siddha. People recognize you as a siddha. Tell me what siddhis do you have? Can you walk on water?" Paramahamasaji said, "No!" "Can you hear other people's thoughts? Can you transmit your thoughts?" "No!" "Can you see distant things? Clairvoyance?" "No!" "Can you fly in the air?" "No!" The newspaper reporter asked about thirty rapid fire questions, and to every question, Paramahamsaji said, "I can't do it. I don't have that siddhi." Finally, the news reporter asked Paramahamsaji, "Please, you tell me what is your accomplishment?" Paramahamsaji said only one thing, "The accomplishment of my life is that I am able to stand on my own two feet!"



Guru is saying that he is able to stand on his own two feet. Can you learn from this statement of the Master? Can you stand on your own two feet? The connection and association with Guru enables and empowers us to stand on our two feet, if we are able to come out of the shell of emotional dependence and social dependence. These are the teachings of the Master everywhere. Realize your social responsibility, realize your health responsibility, realize and balance your mental and emotional expressions and behaviour. Cultivate belief and faith and embark on the path of purushartha and dharma. This is the eternal message of all the gurus who have walked on this land, and walked on the earth from time to time.

This is the inspiration which today, on the day of Guru Poornima, we share with you all, and we wish you all the best on your journey through life, in dealing with the pandemic with awareness, and also in defining your goals for the coming days, months and years. May the grace of God and Guru illuminate your path. This is our prayer today.

*– 24 July 2021, Guru Poornima, Ganga Darshan, Munger*

# गुरु की शरण

स्वामी शिवानन्द सरस्वती

मनुष्यत्व, मुमुक्षुत्व और महान् पुरुषों का संग – ये तीनों वस्तुएँ प्राप्त होनी बहुत ही दुर्लभ हैं। भगवत्कृपा से ही ये जीवों को प्राप्त होती हैं। इस दुर्लभ मनुष्य देह को पाकर भी यदि आप में जिज्ञासा-भाव नहीं है और यदि श्रुति-सिद्धान्त का ज्ञान होने पर भी आपको मार्ग का ज्ञान नहीं है तो आप पूर्ण भाग्यवान् नहीं हैं। यदि आपको किसी ऐसे महापुरुष का संग प्राप्त है जिसे ज्ञातव्य वस्तु का ज्ञान है तथा जो मार्ग-दर्शन के लिए प्रस्तुत है तब आप अपने को पूर्ण धन्य समझें। भगवान की इस अनुपम देन को सदा याद रखना चाहिए, तभी आप इस प्राप्त सुअवसर को नष्ट होने से बचा सकेंगे।

आपके आध्यात्मिक साक्षात्कार में केवल एक व्यवधान है, वह है आपका अपना मन या अहंकार या इसे आप कोई भी संज्ञा दे सकते हैं। वास्तव में इस व्यवधान को दूर करने तथा मानव जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ही मनुष्य गुरु की शरण में जाता है। गुरु ने सीमित बनाने वाले मन को नष्ट किया है। अत: उन्हें पता है कि इसे कैसे नष्ट किया जाय।



अब कल्पना कीजिये कि एक व्यक्ति, जो आध्यात्मिक जीवन यापन करना चाहता है, किसी गुरु के पास जाकर पथ-प्रदर्शन की याचना करता है। इस पर गुरु जी कहते हैं – भले बनो, धार्मिक जीवन यापन करो, निष्काम सेवा करो, सबसे प्रेम करो, अपनी संचित निधि से अन्य व्यक्तियों को भी लाभ उठाने दो, मन को शुद्ध करो, एकाग्र चित्त से ध्यान करो, आदि। यदि वह व्यक्ति गुरु जी के उपदेशों का सच्चाई से पालन करने का प्रयत्न नहीं करता तो इससे उसे क्या लाभ हो सकता है? कुछ भी नहीं। वह प्रगति नहीं कर सकेगा। इसका तो अर्थ यह हुआ कि व्यक्ति अभ्यास कुछ नहीं करना चाहता है और आकांक्षी है पूर्ण फल का। कितनी दयनीय अवस्था है यह!

यह जीवन भगवत् प्राप्ति के मार्ग में एक पड़ाव है। सांसारिक जीवन परिवर्तनशील है, क्योंकि ऐसा देखने में आता है कि जो पैदा होता है वह मरता है। परन्तु मृत्यु जीवन की समाप्ति नहीं है, पहले भी जन्म-मृत्यु थे, भविष्य में भी तब तक होते रहेंगे जब तक कि आत्म-साक्षात्कार न कर लिया जाए। जीवन की लम्बी लड़ी में जन्म एवं मृत्यु कड़ियाँ हैं।

कर्म एवं कामनायें ही जन्म के कारण हैं तथा यह जन्म आगामी कर्म और कामनाओं का कारण बनता है। इसलिए यह वर्तमान जीवन व्यक्ति के उच्चतर जीवन के प्रशिक्षण के लिए, जन्म-मृत्यु से सदा के लिए छुटकारा पाने के लिए है। जिस प्रकार गन्तव्य स्थान और मार्ग एक नहीं होते, उसी प्रकार जीवन स्वत: लक्ष्य नहीं है। क्षण-प्रतिक्षण परिवर्तनीय संसार इस बात को सिद्ध करता है कि कोई अपरिवर्तनशील अविनाशी तत्त्व भी है।

सर्वदा याद रखिये कि आप अकेले ही इस संसार में पैदा हुए थे तथा एकाकी ही प्रयाण कर जायेंगे। इस जीवन में किये हुए आपके कर्मों के अतिरिक्त अन्य कोई आपकी सहायता नहीं कर सकता है। आपके कृत्य आपको उसी प्रकार खोजकर आपके साथ हो लेंगे जैसे बछड़े गौवों के विशाल समूह में अपनी माँ को ढूँढ निकालते हैं।

आपका जीवन अल्प है और पराभूत करने के लिए बाधायें बहुत-सी हैं। अत: अभी से पूर्ण मनोयोग से प्रयास कीजिये। जीवन के महत्तम उद्देश्य के लिए एक-एक क्षण का सदुपयोग कीजिये। गुरु के निर्देशन में अपनी साधना द्वारा अपनी जीवन-यात्रा शीघ्र ही पूर्ण कर लीजिये। आपकी महिमा महान् तथा सफलता भव्य होगी। भगवत् कृपा से आपका आध्यात्मिक पथ शान्तिमय हो! आपका प्रत्येक प्रयत्न सफलता से विभूषित हो! परम प्रभु परमात्मा आप सबको अपने आशीर्वादों से अभिषिक्त करें! ■

# To Reflect the Light of the Self

*From the teachings of Swami Sivananda Saraswati*



The period *Chaturmas*, the four months, begins from this day of Guru Poornima. Sannyasins stay at one place during the ensuing four rainy months, engaging in the study of the *Brahma Sutras* and the practice of meditation.

Mark fully the deep significance of this great day. It heralds the setting in of the eagerly awaited rains. The water drawn up and stored as clouds in the hot summer now manifests in plentiful showers that usher in the advent of fresh life everywhere. Even so, all begin seriously to put into actual

practice all the theory and philosophy that have been stored up in them through patient study.

Aspirants commence, or resolve to intensify with all earnestness, their practical spiritual sadhana right from this day. Generate fresh waves of spirituality. Let all that you have read, heard, seen and learnt become transformed through sadhana, into a continuous outpouring of universal love, ceaseless loving service, and continuous prayer and worship of the Lord seated in all beings. Live on milk and fruit on this day and practise rigorous japa and meditation. Study the *Brahma Sutras* and do japa of your guru mantra, during the four months following Guru Poornima. You will be highly benefited.

The day of worship of one's preceptor is a day of pure joy to the sincere spiritual aspirant. Thrilled by the expectation of offering his reverent homage to the beloved Guru, aspirants await this occasion with eagerness and devotion. It is the Guru alone that breaks the binding cords of attachment and releases the aspirant from the trammels of earthly existence. The shrutis say:

> To that high-souled aspirant, whose devotion to the Lord is great and whose devotion to his Guru is as great as that to the Lord, the secrets explained herein become illuminated.

Guru is Brahman, the Absolute, or God Himself. He guides and inspires you from the innermost core of your being. He is everywhere. Have a new angle of vision. Behold the entire universe as the form of the Guru. See the guiding hand, the awakening voice, the illuminating touch of the Guru in every object in this creation. The whole world will now stand transformed before your changed vision.

The world as Guru will reveal all the precious secrets of life to you, and bestow wisdom upon you. The supreme Guru, as manifested in visible nature, will teach you the most valuable lessons of life. Worship daily this Guru of Gurus, the Guru who taught even the *Avadhuta Dattatreya*.



Dattatreya, regarded as God and the Guru of Gurus, considered Nature Herself as His Guru, and learnt a number of lessons from Her twenty-four creatures, and hence he is said to have had twenty-four Gurus. The silent, all-enduring earth with its lofty forbearance, the shady fruit-bearing tree with its willing self-sacrifice, the mighty banyan tree reposing with patience in the tiny seed, the drops of rain whose persistence wears away even the rocks, the planets and the seasons with their orderly punctuality and regularity were all divine Gurus to him. They who will care to look and listen, will definitely learn.

Become a personification of receptivity. Empty yourself of your petty ego. All the treasures locked up in the bosom of Nature will become yours. You will progress and attain perfection in an amazingly short time. Become pure and unattached as the mountain breeze. As the river flows continuously, steadily and constantly towards its goal, the ocean, so also let your life flow ceaselessly towards the supreme state of absolute Existence-Knowledge-Bliss, by letting all your thoughts, all your words and all your actions be directed only towards the goal.

The moon shines by reflecting the dazzling light of the sun. It is the full moon on the Poornima day that reflects in full splendour the glorious light of the sun. It glorifies the sun. Purify yourself through the fire of selfless service and sadhana, and like the full moon, reflect the glorious light of the Self. ■

# गुरु – एक अपरिहार्य आवश्यकता

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती



प्राय: सभी लोगों के लिये गुरु की नितान्त आवश्यकता है। हाँ, इतिहास में इने-गिने कुछ ऐसे लोग भी हुए हैं जिनके गुरु नहीं थे। रमण महर्षि के कभी कोई गुरु नहीं थे, किन्तु हम रमण महर्षि नहीं हैं। हम अपूर्ण हैं। हमारे शरीर, मन और इन्द्रियाँ भ्रमित हैं। हमारे सामने अनेक मार्ग हैं और हम नहीं जानते कि किस पर चला जाए। हमें परिवहन पुलिसवाले जैसे किसी व्यक्ति की आवश्यकता है जो कहे कि 'इधर से जाइये, धीरे जाइये, अब रुकिये, अब जाइये।'

गुरु के अभाव में प्राय: यह होता है कि लोग पुस्तकों का अनुकरण करने लगते हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की योग-शाखाओं से प्राप्त होने वाली सिद्धियों एवं लाभों का वर्णन रहता है। तदनुसार वे निर्णय करते हैं कि उन्हें किस मार्ग पर चलना है। वे तब तक अभ्यास जारी रखते हैं जब तक कि कुछ अनुभव न प्राप्त हो जाये। जब तक सुखद अनुभव मिलता रहता है अभ्यास करते रहते हैं, किन्तु कोई डरावना अनुभव होते ही या कोई सुखद अनुभव होने पर भी, जिसे कि वे नहीं समझ पाते, योगाभ्यास बन्द कर देते हैं।

बहुत-से लोग दावा करते हैं कि उन्हें पर्याप्त ज्ञान प्राप्त है और इसीलिये सोचते हैं कि उन्हें गुरु की कोई आवश्यकता नहीं है। किन्तु ऐसा सोचना ठीक नहीं है। जब आप स्कूल में पढ़ते थे तो पुस्तकों का उपयोग करते थे। इसके बावजूद अनेक बातों को स्पष्ट करने के लिये आपको शिक्षक की आवश्यकता होती थी। इसी प्रकार आप पुस्तकों से योग सीख सकते हैं, आप अपने लिये एक उपयुक्त साधना का चयन भी कर सकते हैं, किन्तु आध्यात्मिक क्षेत्र में कुछ समय तक भटकने के बाद आप पाएँगे कि आप आगे बढ़ने में सफल नहीं हो रहे हैं। इस अवस्था में आपको किसी गुरु से दीक्षा और निर्देश प्राप्त करने की सलाह दी जाती है। तदनुसार एक उपयुक्त साधना का अभ्यास करने से आपका विकास होता है। गुरु आपके लिये प्रकाश का काम करते हैं।

गुरु प्राप्त करने के लिये आपको या तो उनकी खोज करनी पड़ती है या उपयुक्त समय की प्रतीक्षा करनी होती है। कुछ लोग एक तस्वीर, वस्तु या प्रतिमा को अपना गुरु बना लेते हैं, किन्तु सामान्यत: मानव शरीरधारी गुरु से सम्पर्क स्थापित करना अधिक सहज होता है। तथापि एक सच्चे गुरु को शारीरिक अर्थ में पारिभाषित नहीं किया जा सकता।

गुरु प्राप्त करना तथा सदा के लिये उनसे जुड़े रहना कठिन है। जिस प्रकार पारस्परिक समझदारी और संवाद की विफलता के कारण आधुनिक जीवन में बड़े पैमाने पर दम्पत्तियों के बीच सम्बन्ध-विच्छेद होता है उसी प्रकार इसी विफलता के कारण शिष्य भी अपने गुरुओं का त्याग करते हैं। इसलिए गुरु की खोज के पूर्व यह आवश्यक है कि एक लम्बी अवधि तक आध्यात्मिक अभ्यासों द्वारा स्वयं को तैयार करें एवं अपने ज्ञान के क्षेत्र का विस्तार करें। अपने को आध्यात्मिक दृष्टि से परिपक्व बनाइये। तब आपके द्वारा गुरु का चयन दोषरहित होगा तथा आप दोनों के बीच का सम्बन्ध निश्चित रूप से सफल होगा।

बहुत महान् गुरु की खोज में मत भटकिये। एक शिष्य को आत्मपरीक्षण करना चाहिये तथा यह समझना चाहिये कि आध्यात्मिक दृष्टि से उसकी क्या अवस्था है। अपनी अवस्था के अनुसार ही उसे गुरु का चयन करना चाहिये। यदि प्राथमिक पाठशाला का बच्चा किसी विश्वविद्यालय प्राध्यापक से पढ़ना चाहे तो वे उसे कुछ नहीं पढ़ा सकेंगे और न वह बच्चा ही कुछ सीख सकेगा।

जब आप दीक्षा लेते हैं तो गुरु कोई साधारण-सा अभ्यास बताते हैं। उसका अभ्यास नियमित रूप से होना चाहिये। यह नियमितता उच्चतर योग का आधार है। गुरु आपसे कह सकते हैं कि प्रतिदिन सिर्फ पाँच या दस मिनट तक मन्त्र का जप कीजिये। प्रारम्भ में यह आपको बहुत मामूली बात लग



सकती है, किन्तु आपकी परीक्षा तो अभ्यास को नियमित रूप से जारी रखने में है। अनेक शिष्य अनावश्यक बातचीत और कार्यों में घण्टों बिता देते हैं, किन्तु कुछ सहज आसन-प्राणायाम एवं मन्त्र के लिये सुबह या शाम में सिर्फ पाँच मिनट समय निकालना भी उनके लिये कठिन होता है। एक शिष्य के जीवन में नियमितता ही साधना और आध्यात्मिक प्रशिक्षण है।

हम जो दीक्षा लेते हैं वह शिष्यत्व की ऐच्छिक स्वीकृति है। शिष्य चाहे संन्यासी हो या गृहस्थ, उसे गुरु के मिशन एवं व्यक्तिगत पूर्णता की प्राप्ति के प्रति पूर्णतया समर्पित होना चाहिये। समर्पण भाव को विकसित करने के लिये शिष्य को अधिकाधिक समय गुरु के सान्निध्य में बिताना चाहिये। गुरु के निकट जाने या उनके आश्रम में निवास करने से वे आपको ठीक से पहचान सकते हैं तथा बता सकते हैं कि वे आपसे किस प्रकार के आचार-व्यवहार की अपेक्षा रखते हैं। वे आपसे कड़ी धूप में कठोर परिश्रम करने के लिये कह सकते हैं, किन्तु यह सिर्फ आपकी निष्ठा की परीक्षा के लिये है। इसका तात्पर्य यह है कि गुरु आपको अनन्त सत्ता के करीब लाने का प्रयास कर रहे हैं।

शिष्य कभी-कभी विचलित हो जाते हैं, क्योंकि वे सोचते हैं कि गुरु उन्हें सजा दे रहे हैं या उनकी अवहेलना कर रहे हैं या उन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। किन्तु ऐसी बात नहीं है। ज्योंही आप गुरु को स्वीकार करते हैं, वे आपको समझना प्रारम्भ कर देते हैं। किन्तु आध्यात्मिक मार्ग एवं गुरु के मार्गदर्शन का अनुकरण आप किस गम्भीरता और गहराई से करना चाहते हैं? अपने

आध्यात्मिक जीवन के साथ आप कितनी निष्ठा के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं? आपकी आध्यात्मिक प्रगति के लिये गुरु किसी भी पद्धति का उपयोग कर सकते हैं, यद्यपि यह आपको बहुत कठिन और कठोर मालूम पड़ सकती है।

निष्ठावान् तथा तत्पर शिष्य को ही अनुशासित जीवन प्राप्त होता है। गुरु जो कुछ भी, जैसे भी सिखाते हैं, चाहे वह कठिन या कठोर ही क्यों न हो, वह उसे स्वीकार करता है। किन्तु जिस शिष्य के मन में इन समस्त बातों के प्रति गलतफहमी होती है वह सोचता है कि 'मैंने गलत व्यक्ति को अपना गुरु बना लिया। यह व्यक्ति मुझे पसन्द नहीं करता, यह मुझे परेशान करना चाहता है।' आपको यह समझना चाहिये कि गुरु कदापि गलत नहीं हो सकते, क्योंकि वास्तव में सब कुछ आपके अन्दर है। उनके साथ आपका सम्बन्ध आपकी अपनी धारणा और विश्वास पर आधारित है। ज्यों-ज्यों गुरु में आपका विश्वास अधिक गहरा होता जाता है, आपकी आध्यात्मिक प्रगति भी बढ़ती जाती है।

बहुत-से लोग किसी को भी अपना गुरु नहीं बनाना चाहते हैं क्योंकि वे समर्पण करने से डरते हैं। किन्तु समर्पण से आप कुछ खोते नहीं, बल्कि सब कुछ प्राप्त कर लेते हैं। जब आप स्वयं को गुरु को समर्पित करते हैं तो प्रारम्भ में अपने को उनसे बँधा हुआ अनुभव कर सकते हैं। किन्तु यह आपकी जीवन पद्धति पर एक मामूली-सा नियन्त्रण है, जिससे अत्यधिक लाभ मिलते हैं। गुरु के प्रति समर्पित होने के बाद आप एक पक्षी के समान उन्मुक्त हो जाते हैं, आप कहीं भी जा सकते हैं और कुछ भी कर सकते हैं। अत: समर्पण से भयभीत मत होइये, स्वयं को प्रतिबद्ध कीजिये और अनन्त की अनुभूति प्राप्त कीजिये।

यदि आप स्वयं को नदी के समान विनम्र और मुक्त बना दें तो आप प्रवाहित होते हुए निश्चय ही समुद्र तक पहुँच जायेंगे। चाहे आपका मार्ग जंगल, पहाड़ या चट्टानों से होकर ही क्यों न गुजरे, आपका प्रवाह बिना किसी अवरोध के आगे बढ़ता जायेगा। प्रारम्भ में नदी की धारा पतली मालूम पड़ सकती है, किन्तु अन्तत: यह आपको विशाल, खुले समुद्र तक अवश्य पहुँचा देगी।

गुरु-शिष्य सम्बन्ध आज-कल के लिये या सिर्फ इस जीवन के लिये ही नहीं है। यह सतत् जारी रहता है क्योंकि आपका विकास मात्र एक दिन में सम्पन्न नहीं होता। प्रत्येक व्यक्ति को एक गुरु की आवश्यकता है। गुरु एक बदनाम व्यक्ति हो या सन्त, शिष्य उनके प्रति सदैव प्रेम और श्रद्धा का भाव रखता है। गुरु उसका जीवन है। वे सुन्दर हों या कुरूप, दयालु हों या हमेशा आपको गाली देते रहें, वे आपके गुरु ही हैं। गुरु के बिना कोई रास्ता नहीं मिल सकता। यह आवश्यक नहीं है कि गुरु आपको क्रियायोग और तन्त्र

के अभ्यास सिखाएँ। यदि उन्होंने आपको एक शिष्य के रूप में स्वीकार कर लिया है तो वही प्रकाश है। इस शिष्यत्व के माध्यम से आपका विकास होता है और आप अन्तिम लक्ष्य को प्राप्त करते हैं।

इस बात में कोई सन्देह नहीं है, आप प्रयास करके तो देखिये। गुरु के बिना जीवन अपूर्ण है। जीवन में पूर्णता की अनुभूति प्राप्त करने के लिये हृदय या आत्मा को एक अन्य आधार चाहिये और वह आधार है गुरु-शिष्य सम्बन्ध। यह सम्बन्ध शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्तरों से बिल्कुल परे है। किसी अन्य व्यक्ति से आपने जिस प्रेम का अनुभव किया है, उससे इस सम्बन्ध का कोई साम्य नहीं है। गुरु और शिष्य भौतिक या भावनात्मक बातों को महत्त्व नहीं देते, उनके लिये तो सिर्फ गहन और अतीन्द्रिय तथ्यों का ही महत्त्व है।

जहाँ तक गुरु और शिष्य का सम्बन्ध है, एक ही आत्मा दो शरीरों में निवास करती है। आध्यात्मिक स्तर पर प्रत्येक एक-दूसरे के प्रति सजग हैं। यहाँ बाह्य संचार आवश्यक नहीं रह जाता, क्योंकि शिष्य अब उस स्तर पर कार्य नहीं करता जहाँ उसे गुरु की शारीरिक उपस्थिति की आवश्यकता हो। उसके अन्दर तो गुरु की आत्मा निवास करती है जो उसके अस्तित्व के अन्धकारमय क्षेत्र को प्रकाशित करती है। ऐसी स्थिति में उनसे बातें करने या उनका चेहरा देखने की क्या आवश्यकता रह जाती है? कबीरदासजी ने कहा भी है, 'यदि आपका प्रेमी विदेश में रहता है तो उसे पत्र लिखिये। किन्तु यदि आपका प्रेमी आपके अन्दर निवास करता है तो किसी गति, भावना या सहवास का प्रश्न ही नहीं उठता। जहाँ कहीं भी आप हैं, आप सदैव एक दूसरे के निकट हैं।' मानव जाति द्वारा अब तक ज्ञात समस्त प्रकार के सम्बन्धों में गुरु-शिष्य सम्बन्ध सबसे स्थिर और श्रेष्ठ है। यह अनुभवों और भावनाओं से परे है और मृत्यु के बाद भी रहस्यमय ढंग से कार्य करता रहता है। ■



# To Experience Spiritual Life

*Swami Niranjanananda Saraswati*

We take birth in our physical body with our senses, the five senses of perception and the five senses of action. We also take birth in the mind with its six associates. It is the company of the five senses and the six associates which nurture us in our life. No doubt society, parents and teachers also play a role, yet what comes with us determines how we are going to be in the future.

When we look at life, we find that we are expressing the best negative qualities that exist within us. These negative, detrimental qualities restrict the advancement of an individual on the spiritual path. We have to decide upon the qualitative changes we seek in life since that is what becomes our stepping-stone into spiritual life

People confuse spiritual life with religious life, however they are different. In religious life, you resort to belief, while in spiritual life you resort to self-observation and rectification of your human nature and behaviour. This is a clear difference and distinction between the two. When we look at spiritual life from this perspective, then it becomes a means to experience happiness, peace, creativity, excellence; it is where the application and expression of human wisdom and clarity comes into play. This is the spiritual life that sages throughout the ages have talked about – the discovery of that nature within yourself, which is different to the belief structure of a religion.

To experience spiritual life, we have to deal with those traits which hold us back in the process of discovering the beauty that lies within. What holds us back is the six associates of mind. Whenever we have had stress, anxiety, pain, suffering and disturbances in life, they have appeared because we have attached ourselves to one of the six associates of mind. For instance, due to anger our peace, inspiration and motivation



is destroyed. All the good in life is destroyed by desire, anger, greed, infatuation, pride and envy. That is when we experience pain, suffering, anxiety, frustration and depression.

When these limiting traits of the mind are rectified, a natural change occurs in lifestyle, perception, behaviour, interaction, communication and understanding. That is the development of consciousness which allows the beauty of life to express itself and that is what we seek in spiritual life. ■

# गुरु भक्ति योग की सार्थकता

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

सभी के जीवन में गुरु भक्ति योग निश्चित रूप से महत्त्व रखता है, क्योंकि हर व्यक्ति का अपना एक विशेष सम्बन्ध होता है गुरु के साथ। गुरु की प्रेरणा और सान्निध्य का अनुभव, यही वास्तविक गुरु भक्ति योग है। समाज में जो यज्ञ-हवन, पूजा-पाठ या मंत्र-स्तोत्र का कार्यक्रम होता है, सो तो है ही, लेकिन व्यक्तिगत जीवन में किस प्रकार अपने गुरु के साथ एक व्यावहारिक सम्बन्ध को स्थापित करना है, इस पर विचार करना और निर्णय लेना एक भक्त और संन्यासी के लिये आवश्यक है। जो संन्यासी मनमुखी होते हैं वे अपने मन की बात सुनते हैं, लेकिन जो संन्यासी गुरुमुखी होते हैं वे स्वयं को गुरुतत्त्व से जोड़ने का प्रयास करते हैं।

व्यक्ति की समझ गुरुतत्त्व की कैसी होती है? अपने मन के हिसाब से ही तो होती है। अगर आप बीमार हो और आपको कोई कुछ दवाई बतला देता है तो कहते हो, 'दवाई ने काम किया, ये तो मेरे गुरु हैं।' अगर आपको कोई योगाभ्यास सिखा देता है तो कहते हो वे तो मेरे गुरु हैं। मतलब जो कोई भी आपको कुछ सिखला दे वह आपका गुरु हो जाता है। गुरु के बारे में आपकी यह मान्यता तो एकदम गलत है। जब आप स्वयं गुरु का मतलब जानते ही नहीं तब फिर उस तत्त्व का अनुभव कैसे हो पाएगा?

गुरु एक अनुभूति है, जीवन में आत्मा के प्रकाश की अनुभूति है, जीवन में ईश्वरत्व के प्रकाश की अनुभूति है, और उस गुरु तत्त्व से जुड़ना संन्यासियों के लिये आवश्यक है। मैं अभी सभी की बात नहीं बोल रहा हूँ, *संन्यासियों के लिए बोल रहा हूँ*। मनमुखी संन्यासी अपनी मर्जी, अपनी मस्ती और अपनी वासना में ही लिप्त रहते हैं, उसमें ही उन्हें सुख मिलता है। बहुत लोग दीक्षा लेते हैं और अगले दिन योग गुरु बन जाते हैं, क्योंकि वे मुनमुखी हैं। हम समाज की कुछ सेवा करना चाहते हैं, यह मनमुखी मानसिकता है। समाज की सेवा के बारे में तो सोच लिया, लेकिन गुरु की सेवा, गुरु के मिशन के लिए सेवा के बारे में नहीं सोचा! जब हम सोचते हैं कि हम समाज में जाकर ऐसा करेंगे, वैसा करेंगे, तब हम अपने भाव को ही तो बढ़ावा दे रहे हैं। फिर कहते हैं कि इससे तो गुरुजी के नाम का ही प्रचार होगा। लेकिन क्या वास्तव में गुरुजी के नाम का प्रचार है या अपने अहंकार की तुष्टि है?



इसलिये व्यक्ति गुरु के साथ एक शुद्ध सम्बन्ध को कभी स्थापित नहीं कर पाता है, और यहीं पर एक साधक का, एक शिष्य का, एक संन्यासी का पतन निश्चित रहता है। लेकिन जब गुरु तत्त्व के साथ और गुरु की प्रेरणा के साथ हम अपने आपको जोड़ लेते हैं तब फिर वही शक्ति हमारे जीवन को आगे बढ़ाती है। वही ऊर्जा, वही प्रेरणा हमारे जीवन को भगवद्-कार्य के लिये प्रेरित करती है, दिशा प्रदान करती है, जिससे हर व्यक्ति का उत्थान संभव हो

सके। गुरु भक्ति योग की परम्परा में सबको प्रयास करना चाहिए, संन्यासियों को भी और गृहस्थों को भी, कि गुरुजी ने जो प्रेरणा दी है, गुरुजी ने जो सीख दी है जीवन में अच्छा बनने, अच्छा सोचने, अच्छा व्यवहार करने की, क्या उसमें से किसी एक को भी हम अपने जीवन में अपना सकते हैं?

ध्यान लगाकर मोक्ष तो सब पाना चाहते हैं और लोग ध्यान लगाते भी हैं, लेकिन जब अपने ही भीतर की वासना को संभाल नहीं पाते तो यह क्या ध्यान है? ध्यान लगाते हैं लेकिन दूसरे के कटु शब्द को सहन नहीं कर पाते हैं, वह क्या ध्यान है? जो मन किसी शब्द के द्वारा विचलित हो जाए, किसी कर्म के द्वारा अस्थिर या चंचल हो जाए उसके लिये आध्यात्मिक जीवन नहीं है, उसके लिये केवल सत्संग है। गीता भी सत्संग से भरी पड़ी है, क्योंकि अर्जुन ने पूछा था – *चंचलं हि मन: कृष्ण* और उसका उपाय श्रीकृष्ण ने बताया भी। लेकिन क्या अर्जुन ने उस उपाय को सिद्ध किया? नहीं। अगर तुम सोचते हो कि युद्धभूमि में अर्जुन ने बैठकर प्रत्याहार को सिद्ध किया, ध्यान लगाया, तो यह गलत सोच है। जिसको समझ में आता है वह प्रयत्न को अपनाता है और जो नासमझ है, वह दर्शन को अपनाता है। यही अन्तर होता है एक समर्पित और एक मनमुखी संन्यासी में।

दर्शन की बात लोग करते रहते हैं – ऐसा होना चाहिए, वैसा होना चाहिए, ऐसा करना चाहिए, वैसा करना चाहिए, हजारों सालों से बात कही गई है लेकिन क्या परिवर्तन हुआ? मात्र दर्शन ही रहा। लेकिन जब उस दर्शन को एक संत ने व्यावहारिक रूप दिया तो हर जीवन के लिये वह प्रेरणा बना। जिस वेदान्त को कोई नहीं समझता था उसको हमारे गुरुजी ने एक शब्द में समझा दिया – आत्मभाव। अब सिद्धान्त को पढ़ने से क्या फायदा कि ब्रह्म क्या है तो जगत् क्या है तो मिथ्या क्या है तो सत्य क्या है, क्योंकि अब एक साधन दिया गया है, एक मार्ग प्रशस्त किया गया है। आत्मभाव को समझ लो, तब जान जाओगे।

यह गुरुजी की शिक्षा है लेकिन लोग सोचते हैं, 'आत्मभाव, आह! कितना सुन्दर शब्द है!' पर इसे जीवन में उतारने का किसी ने कोई प्रयास किया है कभी? दूसरों से ईर्ष्या करते हैं, दूसरों से द्वेष करते हैं, दूसरों के साथ समझौता नहीं होता है, झगड़ा होता है, और आत्मभाव की बात करते हैं! यह तो तुम लोगों का दर्शन है, प्रयत्न नहीं है। जिस दिन प्रयत्न करोगे तुम्हारा व्यवहार, चिंतन, पूरा जीवन बदल जाएगा, क्योंकि तुम गुरु की एक प्रेरणा से, एक शिक्षा से अपने आपको जोड़ पाए हो। इसलिये यह आवश्यक है



कि हर व्यक्ति निश्चित करे कि हम अपने आपको उस गुरुतत्त्व के साथ कैसे जोड़ सकते हैं। तब जाकर गुरु भक्ति योग हर जीवन के लिये सार्थक सिद्ध होगा। अन्यथा, कार्यक्रम में आते हो, अच्छा लगता है, कितना सुन्दर वातावरण होता है, बस इतने में ही तुम्हारा मन रहेगा, इससे ज्यादा गहराई में नहीं जा सकोगे।

इसीलिये सन्यासियों के लिये पहला नियम बतलाया गया है समर्पण का। जब तक समर्पण नहीं, जब तक शीश नहीं झुकता है, गुरुतत्त्व से सम्बन्ध नहीं जुड़ सकता है। अहंकार की बात छोड़ो, तुम कहते हो कि अहंकार का त्याग करेंगे लेकिन क्या अपनी वासना का त्याग करते हो? जीवन में किसी चीज का त्याग नहीं किया है, न अहंकार का न वासना का। त्याग केवल एक भ्रांतिपूर्ण विचार है, क्योंकि प्रयास नहीं है, प्रयत्न नहीं है।

गुरु की शिक्षा एक वाक्य की होती है, तुमको बैठाकर क्लास देने की आवश्यकता नहीं है। स्वामी शिवानन्द जी ने हमारे गुरुदेव को केवल एक वाक्य कहा – परिश्रम करो, कर्म करो, सेवा करो, तुम्हारे भीतर का आवरण हटेगा और तुम्हारे भीतर की ज्योति बाहर निकलेगी। स्वामी शिवानन्द जी ने कौन से उपनिषद् की शिक्षा दी? क्या वेदान्त, सांख्य या तंत्र शास्त्र की शिक्षा

दी? उनका तो एक ही संकेत था, तुम्हारे भीतर जो गुण है, ज्योति है, उसको प्रकाशित करो, और यह काम तुम इस मार्ग से, इस तरीके से कर सकते हो। हमारे गुरुजी ने मात्र उसी वाक्य को पकड़ा, वे कभी किसी क्लास में नहीं गए। उनका तथा स्वामी शिवानन्द जी का क्या सम्बन्ध रहा, यह बतलाने की आवश्यकता नहीं। मात्र पाँच मिनट में स्वामी शिवानन्द जी का हार्ड-ड्राईव स्वामीजी में ट्रांसफर हो गया शक्तिपात के द्वारा। क्यों? इसलिए कि स्वामीजी गुरुमुखी थे। हमलोगों में से कोई होता तो कहता, 'अरे भाई! यहाँ तो हम साधना के लिये आये हैं, लेकिन गुरुजी कहते हैं कर्म करो। यह जगह अच्छी नहीं है, हमें दूसरी जगह जाना चाहिए।' यह मनमुखी व्यवहार है।

गुरु भक्ति योग के समय गुरुमुखी होना है ताकि अपने जीवन का कल्याण हो सके। उदाहरण मैंने बहुत दिये हैं और विद्वान् के लिये इशारा ही काफी होता है। गधे को पोथी पढ़ाना होता है पर विद्वान् को केवल इशारा देना होता है। अगर तुम लोग पोथी पढ़ना चाहते हो तो जान लो कि क्या हो, क्योंकि इशारा जो गुरु ने दिया है उसे तुम चूक गए हो। इसलिये आज एक संकल्प के साथ, एक ऊर्जा के साथ, शुद्धता और पवित्रता के साथ अपने आपको गुरुतत्त्व से जोड़ने का प्रयास करो। वासना के साथ नहीं, इच्छा के साथ नहीं, 'यह मुझे पसंद है, वह मुझे पसंद नहीं है' की भावना से नहीं, बल्कि 'अब तो दी है नैय्या नदी में बहा जा लगी जिस किनारे चले जायेंगे' इसी भावना के साथ। जो नाव चलाता है उस पर विश्वास होना चाहिए। गुरु तुम्हारे नाविक हैं, क्या उन पर तुम्हें विश्वास है?

*– 4 जून 2021, गुरु भक्ति योग अनुष्ठान, रिखियापीठ*

---

**गुरु भक्ति योग सत्संग** – *गुरु भक्ति योग श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती की स्मृति को समर्पित मासिक साधनात्मक अनुष्ठान है। श्री स्वामीजी 5 दिसम्बर 2009 को महासमाधि में लीन हुए थे और 6 दिसम्बर को उन्हें रिखियापीठ में विधिवत् भू-समाधि दी गई थी। प्रत्येक महीने की 4, 5 और 6 तारीख को आयोजित इन अनुष्ठानों के माध्यम से श्री स्वामीजी के शिव और शक्ति तत्त्वों से संयोग को मनाया जाता है। इस साधना के दौरान स्वामी निरंजनानन्द जी द्वारा दिए सत्संगों में एक विशेष ऊर्जा और प्रेरणा रहती है जो श्रोताओं के हृदय को अनायास छूकर उन्हें श्री स्वामीजी के और समीप ले जाती है।*

















# Return to the Star Stuff

*Swami Niranjanananda Saraswati*

Guru Poornima represents the full moon. In the Indian tradition, the full moon represents the awakened mind. The moon is the symbol of the mind and it is the journey of the moon from no moon, total darkness, to full moon, complete brightness, which indicates or is symbolic of the human journey in life.

Indian spirituality is a different form of spirituality to the modern concept of spirituality which is prevalent around the globe. It is an ancient tradition which is based on accepting human nature as it is and evolving from that point onwards. Indian spiritual culture is not a puritanical culture. It does not base its philosophy on the concept of sin. The concept of sin is not as highlighted as it is in other traditions and cultures. It is definitely not a puritanical philosophy or lifestyle. On the contrary, it is an evolving and progressive lifestyle which indicates the journey that one undertakes from the darkness of the soul to the attainment of luminosity and illumination.

In the example of the dacoit, Ratnakar, in the state of *tamas* or darkness, his thoughts and acts were not conducive to the growth and development of human life, but became destructive. In the darkness of our life, that is how all of us live and express ourselves. When there is darkness in the mind, thoughts go haywire and they don't help us. Emotions go haywire, and they don't help us. Senses go haywire and they don't help us. The brain goes haywire and doesn't help us. We are in a state of helplessness because everything is beyond our grasp and control. That is the state of darkness. There was darkness in the life of this dacoit, he was the most crooked and evil person. However, today society accepts him as the author of the greatest literature of humankind: the *Ramayana*. Ratnakar became Sage Valmiki by removing the darkness from his soul and by becoming the light itself.



